अल्प प्रवास पर आए मुख्यमंत्री ने की मातमपुर्सी

दादा असीम बनर्जी को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सतना 23 मई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सतना पहुंचकर वरिष्ठ समाजसेवी उत्तम बनर्जी के पिता स्वर्गीय दादा असीम बनर्जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, महापौर योगेश ताम्रकार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने भी स्व. दादा असीम बैनर्जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

सरोज देवी को किया याद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सतना पहुंचकर मणिकांत माहेश्वरी की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती सरोज देवी माहेश्वरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सिटी कोतवाली के पीछे स्थित माहेश्वरी निवास में स्व. श्रीमती माहेश्वरी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, महापौर योगेश ताम्रकार, समाजसेवी श्रीकृष्ण माहेश्वरी, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, समाजसेवी डॉ. स्वप्ना वर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मूर्तिदेवी को दी पुष्पांजलि

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना प्रवास के दौरान चित्रकूट विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष विजयपाल यादव के डालीबाबा चौक कामता टोला स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे औपचारिक भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विजयपाल यादव की पूज्य माता स्व. श्रीमती मूर्ति देवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। स्व. श्रीमती यादव का 20 मार्च 2026 को देहावसान हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पेट्रोल 113 और डीजल 98 के पार,जनता की जेब पर बढ़ा बोझ

तीसरी बार बढ़े दाम, सीएनजी भी 1 रुपए महंगी

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. आम आदमी की जेब पर महंगाई का बोझ लगातार भारी होता जा रहा है। वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल के बीच घरेलू तेल कंपनियों ने पिछले 10 दिनों के भीतर आज तीसरी बार ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है।

सुबह 6 बजे से पेट्रोल के दामों में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर का इजाफा लागू हो गया है। ष्टह्लत्र की कीमतों में भी 1 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी कर जनता को दोहरा झटका दिया है। बाजार जानकारों का मानना है कि डीजल के दामों में 91 पैसे की इस ताजा बढ़ोतरी का सीधा और सबसे बड़ा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा। ट्रांसपोर्टर्स का खर्च बढ़ने से आने वाले दिनों में फल, सब्जियां, दूध, दवाइयां और राशन सहित रोजमर्रा की सभी जरूरी चीजों के दाम बढ़ना तय है। लगातार हो रही इस बढ़ोतरी से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के घर का मासिक बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। एक तरफ जहां लोग अपनी निजी गाड़ियों को निकालने से कतराने लगे हैं, वहीं दूसरी तरफ ष्टह्लत्र के दाम बढ़ने से सार्वजनिक परिवहन भी महंगा हो रहा है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए फिलहाल राहत मिलने के आसार बेहद कम नजर आ रहे हैं।

दस दिनों में 4 .75 तक महंगा हुआ तेल

महीने में आम उपभोक्ताओं को तीसरा बड़ा झटका है। इससे पहले तेल कंपनियों ने शुरुआत में सीधे 3 रुपये प्रति लीटर और उसके बाद 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। आज की वृद्धि को मिलाकर पिछले महज 10 दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल के दाम 4 .75 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ चुके हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद शहर में अब पेट्रोल 113 .17 रुपये और डीजल 98 .16 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

सतना पहुंचने पर मुख्यमंत्री की आत्मीय अगवानी

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के एक दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय अगवानी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ रीवा से हेलीकाप्टर द्वारा सांसद खजुराहो बीडी शर्मा, सांसद गणेश सिंह भी सतना आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के एयरपोर्ट सतना पहुंचने पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियो ने एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री की अगवानी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, विंध्य चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सतना जिले के अपने प्रवास के दौरान कामता टोला से बायपास होकर एयरपोर्ट वापसी की। इस दौरान डेलौरा मोड के पास बडी संख्या में उपस्थित लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन किया।

चेकिंग के दौरान कार से स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. अवैध नशे के सौदागरों और अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने कटनी रोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक ग्रे रंग की अल्टो कार से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध स्मैक पाउडर बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, चेकिंग के दौरान अल्टो कार क्रमांक स्क्क 19 ष्टक्र 2911 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें सवार दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल 20 नग

कागज की पुड़िया मिलीं। इन पुड़िया में कुल 4.6 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर भरा हुआ था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने स्मैक के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही अल्टो कार को जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपी रीवा रोड और संडर्शन कॉलोनी के रहने वाले हैं रोहित उर्फ सोनू बंगाली 35 वर्ष पिता सुबोध सिंह, निवासी रीवा रोड, कचलोहा मोहल्ला, दूसरा आरोपी अतुल पांडे 34 वर्ष पिता कामतानाथ पांडे, निवासी संडर्शन कॉलोनी वार्ड नंबर 15 मैहर का रहने वाला है. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 8, 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके आसपास नशे या किसी भी अवैध गतिविधि का संचालन हो रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

इस पूरी सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष उलाडी,(प्रआर) पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश मिश्रा, (आर.) राजेन्द्र सिंह और मोहित वैष्णव की सराहनीय भूमिका रही।

पारा 44 डिग्री के पार, सतना सहित कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई बीते कुछ दिनों से विंध्य क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में गुजर रहा है . हालात इतने गंभीर हो गए कि 22 मई को मौसम विभाग ने पूर्वी मध्यप्रदेश के कई हिस्सों के साथ सतना क्षेत्र के लिए रेड वार्निंग जारी की थी और अब सतना सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है

मौसम विभाग के अनुसार बीते कुछ दिनों में सतना में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया. सुबह 9 बजे के बाद ही गर्म हवाओं का असर दिखने लगता है और दोपहर के समय हालात और ज्यादा गंभीर हो जाते हैं मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण पूरे प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ा है. इसी वजह से सतना, रीवा, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया और सागर समेत कई जिलों में ऑरेंज

अलर्ट जारी किया गया है. दरअसल तापमान में लगातार बढ़ोतरी और लू की तीव्रता बढ़ने के बाद मौसम विभाग ने पहले रेड वार्निंग और फिर कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया . मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन से पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने की संभावना कम दिखाई दे रही है .

गौरतलब है कि मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट सामान्य चेतावनी से ज्यादा गंभीर माना जाता है .इसका मतलब होता है कि मौसम की स्थिति लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है और विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है. इस दौरान हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, चक्कर और कमजोरी जैसी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की सलाह दी है. गर्मी का असर सबसे ज्यादा यात्रियों , डिलीवरी बॉय, ऑटो चालक, मजदूर वर्ग पर देखने को मिल रहा है डॉक्टरों का कहना है कि लगातार तेज धूप में रहने से शरीर में पानी की कमी तेजी से बढ़ती है. बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है. लोगों को अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और सिर ढंककर बाहर निकलने की सलाह दी गई है.

जिले में प्याज की खरीदी में बिचौलिए सक्रिय

तमाम व्यवस्था के बाद भी नहीं पहुंच रही मंडी प्याज

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. जिले में लगातार प्याज की ऊपज बढ़ती जा रही है लेकिन मंडी में प्याज बिकने के लिए नहीं पहुंच है इसकी वजह बीच में प्याज की बिक्री बिचौलिए कर रहे है और प्याज की मुख्य कीमत बिचौलिए खा रहे है।

मंडी बहुत दिनों से प्रयास कर रही है कि किसान अपनी प्याज की ऊपज को मंडी में लाकर इसकी बोली लगाकर अच्छी कीमत ले सके। लेकिन

बिचौलियों ने ऐसा जाल फैला रखा है जिसकी वजह से किसान मंडी तक अपनी फसल को लेकर नहीं पहुंच पाता है। सतना में बाहर के व्यापारियों ने अपने बिचौलियों को बैठकर रखा है। बिचौलिए गांव - गांव जाकर प्याज की फसल को किसान से खरीद लेता है। जिस भी किसान को प्याज की कीमत सही लगती है वो अपनी फसल को बिचौलियों को कौड़ियों के दाम बेच देते है इससे किसान को काफी नुकसान होता है। और किसान बाजार के मुख्य रेट से वंचित रहता है। कृषि उपज मंडी के सहायक केपी सिंह ने बताया कि मंडी में प्याज बिक्री के लिए आई ही नहीं इसलिए उसकी बोली नहीं हुई है। मंडी में प्याज की बिक्री के लिए पूरी व्यवस्था बनाई गई है। शेड की साफ - सफाई भी कराई गई है। पिछले वर्ष भी यही स्थिति थी भारी मात्रा में मंडी में प्याज नहीं आई थी।

भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज से

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. सतना - मैहर बायपास स्थित संगम बेला में भाजपा के जिला स्तरीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 के कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन किया गया.

ध्वजारोहण कार्यक्रम सांसद गणेश सिंह, जिला संगठन प्रभारी जी.एस. ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, विंध्य विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह की विशेष उपस्थित में सम्पन्न किया गया । दो दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ आज भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल आज 24 मई को छतरपुर से रवाना होकर शाम 6 बजे सतना आएंगे जहां पर वो प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में शामिल होंगे। भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम को

सम्बोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जहा पर प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासित, समर्पित और संस्कारित कार्यकर्ता तैयार होता है। उन्होने कहा कि भाजपा इस लिए विश्व का सबसे ब?ा राजनैतिक दल है क्योकि यहा पर छोटे से छोटे कार्यकर्ता और ब? से ब? कार्यकर्ताओ के बीच कोई अंतर नही होता है। उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि सतना जिले मे होने वाला प्रशिक्षण के माध्यम से पार्टी की मजबूती के लिए समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता तैयार होगें। जिला प्रभारी जी.एस. ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती मे मील का पत्थर साबित होगा।

एकेएस के वैज्ञानिकों ने जंग रोकने की खोज में हासिल की बड़ी सफलता

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. एकेएस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने शोध के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस संकाय के अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र यादव एवं रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक व संक्षारण वैज्ञानिक डॉ. धीरज सिंह चौहान का शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका रिजल्ट्स इन केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है। 4.2 इम्पैक्ट फैक्टर वाली यह पत्रिका विश्व वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण मानी जाती है। वैज्ञानिकों के शोध का विषय इस्पात को जंग से बचाने की नई और पर्यावरण-अनुकूल तकनीक विकसित करना है। शोध में अवधि-समाप्त अमांटाडाइन दवा को रासायनिक रूप से संशोधित कर ग्रीन करॉजन इनहिबिटर तैयार किया गया, जिसने इस्पात पर जंग रोकने में लगभग 97 प्रतिशत तक प्रभाव दिखाया।शोधकर्ताओं के अनुसार यह तकनीक भविष्य में उद्योगों में उपयोग होने वाले महंगे और विषैले रसायनों का बेहतर विकल्प बन सकती है। खास बात यह है कि बेकार हो चुकी दवाओं का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस तरह के शोध न केवल वैज्ञानिक क्षेत्र में नई संभावनाएँ खोलते हैं, बल्कि समाज और उद्योगों के लिए भी उपयोगी साबित होते हैं।

सांसद के प्रस्ताव को पीएम मोदी की सहमति, पत्र जारी कर दी जानकारी

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. सतना लोकसभा क्षेत्र से वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह की पहल पर पवित्र चित्रकूट धाम और भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर केंद्र सरकार गंभीर नजर आ रही है।

सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए विस्तृत पत्र पर सकारात्मक पहल करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय ने संबंधित मंत्रालय को आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने की जानकारी दी है। सांसद गणेश सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में चित्रकूट धाम, रामवन गमन पथ और भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़े स्थलों की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रामवन गमन पथ भारतीय आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित और विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

चेंबर ने मुख्यमंत्री के सामने रखीं चार मांगें, दिया आमंत्रण

नवभारत न्यूज

सतना, 23 मई. विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना के प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में आज माननीय मुख्यमंत्री जी के सतना प्रवास के दौरान उनसे भेंट कर विंध्य क्षेत्र के व्यापारिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया एवं ज्ञापन सौंपा।

चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा निम्नलिखित मांगें रखी गईं.. विंध्य



व्यापार मेला हेतु भूमि आवंटन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज सतना द्वारा प्रति दूसरे वर्ष विंध्य व्यापार मेला का आयोजन किया जाता हैं जिसमें विंध्य क्षेत्र के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए विंध्य व्यापार मेला आयोजित किया जाता है। व्यापार मेला के आयोजन हेतु सतना में 8 एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा मुख्यमंत्री व्यापारी जी द्वारा विगत मेला में की गई थी। जिसे प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया गया। इससे स्थानीय स्स्स्थ्य, हस्तशिल्प एवं कृषि आधारित उद्योगों को बड़ा मंच मिलेगा। व्यापार संवर्धन बोर्ड की जिला समिति में प्रतिनिधित्व मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा चेंबर की मांग पर राज्य स्तरीय व्यापार संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है, इसके लिए चेंबर आभार व्यक्त करता है। अब अनुरोध है कि जिले स्तर पर गठित होने वाली समितियों में विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना को अनिवार्य रूप से प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए, ताकि व्यापारी हितों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

एक नजर में

शराब दुकान हटाने को लेकर अनशन जारी

सतना,नई बस्ती से शराब दूकान हटाने 9वे दिन अनिशचितकालीन क्रमिक अनशन जारी है आज शराब दुकान के सामने मानव श्रंखला बनाकर विरोध किया गया ।आगे भी अनशन जारी रहेगा, प्रशासन तत्काल नई बस्ती से शराब दूकान हटाई जाए। इस अवसर पर पार्षद तिलक राज सोनी, जे पी कुशवाहा,राम कुमार विश्वकर्मा, ध्रुव त्रिपाठी, बृजेन्द्र त्रिवेदी विनोद द्विवेदी प्रमोद कुशवाहा,शेखर सिंह, बिरेंद्र कुशवाहा,राम कारण दहिया, गुडडू गुप्ता,सहित सैकड़ों आन्दोलन कारी उपस्थित रहे।

लायंस लंगर सेवा खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत शनिवार चिरंजीव हार्दिक पुत्र श्री प्रभात गौतम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गौतम परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में लायन जितेन्द्र गर्ग, कमल कांतपाण्डेय , अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय,प्रकाश सेन, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।

उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था से किसान परेशान : सुरेंद्र

सतना . जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि गेहूं उपार्जन केंद्रों में इस समय वारदाने की समस्या से किसान जूझ रहे हैं इतना ही नहीं इस भीषण गर्मी में लाइनों में लम्बा इंतजार और उस पर पेयजल, छाव के गंभीर संकटों का भी सामना करना किसानों के हिस्से में है .

गौ सेवा की एक मिसाल देखने को मिली

सतना। भरहूत नगर, सतना में अनुजा सिंह के घर के पास बने नाले में लगभग

डेढ़ वर्षीय गाय गिर गई थी और कई घंटों तक बाहर नहीं निकल पा रही थी। जैसे ही यह जानकारी अनुजा सिंह को मिली, उन्होंने तुरंत विवेक सिंह को सूचित किया और फिर विवेक सिंह ने अंकित रॉकी शर्मा से संपर्क किया।